सरकारी नौकरियों की स्थिति

3209. **श्रीमती सुषमा स्वराज :**

श्री राम जेठमलानी :

क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वर्ष 1994-95 में सरकारी नौकरियों की संख्या में 5.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है ;

(ख) यदि नहीं, तो इस संबंध में तथ्य क्या हैं ;

(ग) क्या यह भी सच है कि देश में सरकारी कर्मचारियों की संख्या में सेवा निवृत्ति, मृत्यु और त्यागपत्रों तथा स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति के कारण गत वर्ष से सामान्यतः 3 प्रतिशत की कमी हो रही है ; और

(घ) यदि नहीं, तो इस संबंध में गत 3 वर्षों के दौरान यह वार्षिक औसत दर क्या रही है ?

श्रम मंत्री (श्री पी० ए० संगमा) : (क) और (ख) सार्वजनिक क्षेत्र (केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकार, अर्ध केन्द्रीय सरकार, अर्ध राज्य सरकार तथा स्थानीय निकाय) में वर्ष 1992-93 (नवीनतम उपलब्ध) के दौरान रोजगार में वृद्धि की दर लगभग 0.61 प्रतिशत थी ।

(ग) और (घ) सरकारी कर्मचारियों में कमी से संबंधित सूचना, जो उनकी सेवानिवृत्ति, मृत्यु तथा त्यागपत्रों के कारण हुई है, का रिकार्ड नहीं रखा गया है।

आंगनवाड़ी कर्मचारियों को वेतन

3210. **श्रीमती सुषमा स्वराज :**

श्री राम जेठमलानी :

क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार द्वारा चलाये जा रहे समेकित बाल विकास सेवा कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यरत आंगनबाड़ी के कर्मचारियों को देश में सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी दरों के समान भी पारिश्रमिक प्राप्त नहीं हो रहा है;

(ख) यदि नहीं, तो इन्हें अदा किये जा रहे मासिक पारिश्रमिक की औसत दर क्या है और इनसे प्रतिदिन कितने घंटे काम लिया जाता है;

(ग) देश में प्रति माह आंगनबाड़ी कर्मचारियों को अदा की जा रही अधिकतम तथा न्यूनतम राशि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या यह राशि सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी राशि की तुलना में अधिक है ;

(ङ) यदि हां, तो उन राज्यों के नाम क्या हैं जहां आंगनबाड़ी कर्मचारियों को दिया जा रहा मासिक वेतन सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी की तुलना में कम है;

(च) क्या सरकार को इस संबंध में आंगनबाड़ी कर्मचारियों से कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है; और

(छ) सरकार इस संबंध में क्या कार्यवाही करने का विचार रखती है ?

श्रम मंत्री (श्री पी०ए० संगमा) : (क) से (छ) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

Special assistance for States

3211. SHRI SURESH PACHOURI: Will the Minister of PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION be pleased to state:

(a) what are the names of the States covered under the provisions of revised Gadgil formula for Special Central Assistance of 7.5 per cent for the special problem of the States; and